## न्यूज डायरी



### नासा ने अंतरिक्ष में भेजा है 174 करोड़ का टॉइलट

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** अमेरिका। इंटरनैशनल स्पेस स्टेशन के लिए नासा (नैशनल ऐरोनॉटिकल ऐंड स्पेस ऐडमिनिस्ट्रेशन) के सेंटर से छवतजीतवच Grumman Antares रॉकेट लॉन्च हुआ है। भारत की पहली महिला अंतरिक्षयात्री कल्पना चावला के नाम से गए इस ब्लहदने कार्गो स्पेसक्राफ्ट के साथ जाने वाले आइटम्स में से एक स्पेस टॉइलट है जिसे पहले यूनिवर्सल वेस्ट मैनेजमेंट सिस्टम कहते थे। 23 मिलियन डॉलर यानी 174 करोड़ रुपये से ज्यादा के बजट से यह टॉइलट इसलिए डिजाइन किया गया था ताकि महिलाओं को स्पेस में आसानी हो सके। यह सिस्टम सफल होता है तो स्पेस में महिलाओं के लिए स्पेस को और सुविधाजनक बनाने की दिशा में यह ऐतिहासिक कदम होगा। इस खास टॉइलट को बनाने में 6 साल लगे हैं। अब तक महिलाओं के स्पेस में जाने में यह एक बड़ी चुनौती हुआ करती थी कि वहां उनके मुताबिक टॉइलट नहीं होते लेकिन महिला ऐस्ट्रोनॉट्स की संख्या बढ़ने के साथ आखिरकार यह अहम जरूरत पूरी होने वाली है।

### पीएम इमरान खान की पार्टी नेताओं के साथ बैठक

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** इस्लामाबाद। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री इमरान खान ने अपनी पार्टी के नेताओं से ब्रिटेन से पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ को वापस लाने के लिए कानूनी रणनीति तैयार करने को कहा है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक क्योंकि दोनों देशों के बीच प्रत्यर्पण संधि के अभाव में उन्हें प्रत्यर्पित कर पाना मुश्किल होगा। विपक्ष का मुकाबला करने के लिए हाल ही में गठित एक समिति की पहली बैठक की अध्यक्षता करते हुए, प्रधानमंत्री खान ने शुक्रवार को पाकिस्तान तहरीक–ए–इंसाफ (पीटीआई) के नेताओं से सरकार को अस्थिर करने के उद्देश्य से विपक्ष के सभी कदमों को विफल करने के लिए कहा और सेना को निंदनीय बताया। सरकार ने पहले पाकिस्तान मुस्लिम लीग–नवाज (पीएमएल–एन) के नेता के प्रत्यावर्तन के लिए ब्रिटिश सरकार को एक अनुरोध भेजा था ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि वह अदालतों में उनके खिलाफ लंबित भ्रष्टाचार के मामलों का सामना कर सके।

### परमाणु हथियारों का विस्तार रोकने में भारत की अहम भूमिका

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** न्यूयॉर्क। भारत परमाणु हथियारों को लेकर पहले इस्तेमाल नहीं की नीति का पालन करता है। भारत ऐसे देशों के खिलाफ भी परमाणु हथियार इस्तेमाल नहीं करने की नीति पर कायम है जिनके पास परमाणु ताकत नहीं है। भारत हथियार खत्म करने और ज्यादा विस्तार रोकने के वैश्विक प्रयास में अहम पार्टनर है। यह आश्वासन भारत के विदेश सचिव हर्ष वर्धन श्रृंगला ने संयुक्त राष्ट्र में दिया है। इंटरनैशनल डे फॉर द टोटल एलिमिनेशन ऑफ न्यूक्लियर वेपन्स के मौके पर बोलते हुए हर्ष ने कहा, भारत कॉन्फ्रेंस ऑन डिसआर्मामेंट को इकलौते मल्टिलेटरल डिसआर्मामेंट समझौते का फोरम होने के नाते बहुत प्राथमिकता देता है और विस्तृत परमाणु हथियारों के कन्वेन्शन पर समझौते का समर्थन करता है।

### अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ट्वीट किया, ''मेरी सेहत ठीक है''

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** वाशिंगटन। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने शुक्रवार शाम को ट्विटर पर एक वीडियो साझा कर कहा कि उन्हें लगता है कि ''उनकी सेहत ठीक है''। ट्रंप और उनकी पत्नी मेलानिया एक दिन पहले कोविड–19 से पीड़ित पाए गए थे। उन्होंने लोगों के समर्थन के लिए उनका आभार जताया। बेथेसडा में वॉल्टर रीड सैन्य अस्पताल पहुंचने के बाद ट्रंप ने 18 सेकेंड का एक वीडियो साझा किया जिसमें उन्होंने कहा, ''जोरदार समर्थन देने के लिए मैं सभी का शुक्रिया अदा करना चाहता हूं। मैं वॉल्टर रीड अस्पताल जा रहा हूं। मेरा खयाल है कि मेरी तबियत ठीक है लेकिन हम सुनिश्चित करेंगे कि सबकुछ ठीक रहे।'' वीडियो में उन्होंने आगे कहा, ''प्रथम महिला की सेहत भी ठीक है। आप सभी का बहुत आभार।

# जलवायु परिवर्तन के कारण समुद्र का तापमान रिकॉर्ड स्तर पर

## ग्लोबल वार्मिंग का आर्कटिक इलाके में दिख रहा है साफ असर

**अध्ययन**

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

लंदन। दुनिया के सामने कोरोना महामारी से पहले सबसे बड़ा मुद्दा जलवायु परिवर्तन का था और जल्द जैसे ही दुनिया को कोरोना वायरस पर जीत मिलेगी तो फिर एक बार जलवायु परिवर्तन को लेकर कार्य किया जाएगा। दुनिया के बड़े से बड़े संगठन जलवायु परिवर्तन को सबसे बड़ी परेशानी मानते हैं और इसपर काम करने हेतु गुहार लगाते हैं। वहीं, अब एक और अध्ययन सामने आया है, जिसमें शोधकर्ताओं ने पाया है कि भूमध्य सागर सहित ग्लोबल वार्मिंग से समुद्री तापमान में अभूतपूर्व वृद्धि हो रही है।

यूरोपीय संघ के (ईयू) कोपर्निकस समुद्री पर्यावरण निगरानी सेवा (सीएमईएमएस) के आंकड़ों में जो बात सामने आई, उससे जलवायु परिवर्तन से दुनिया के समुद्रों और महासागरों को कितना खतरा बढ़ रहा है, इसका फिलहाल अंदाजा लगाना मुश्किल है। महासागर राज्य



रिपोर्ट ने 1993 से 2018 तक साक्ष्य के आधार पर सतह के गर्म होने की एक समग्र प्रवृत्ति का खुलासा किया, जिसमें आर्कटिक महासागर में सबसे बड़ी वृद्धि थी। यूरोपियन एकेडमी ऑफ साइंस के करीना वॉन शुकमन और पियरे–यवेस ले ट्रौन ने कहा, श्महासागर में परिवर्तन ने इन (महासागर) पारिस्थितिकी तंत्र सेवाओं पर प्रभाव डाला है और उन्हें अनिश्चित सीमा तक बढ़ाया है।श शोधकर्ताओं के अनुसार, यूरोपीय समुद्रों ने 2018 में रिकॉर्ड उच्च तापमान का अनुभव किया।...और एक घटना जो शोधकर्ताओं ने मौसम की चरम स्थितियों के लिए खास बताई, वो यह कि एक समुद्री हीटवेव कई महीनों तक चलती है।

एक ताजा शोध बताता है कि ग्लोबल वार्मिंग के कारण महासागरों की सतह पर हलचल कम हो गई है और वे स्थायी होने के साथ ही गर्म भी होने लगीं हैं। शोधकर्ताओं का अनुसार यह अच्छा संकेत नहीं हैं और इसके बेहद खतरनाक प्रभाव हो सकते हैं। बताया गया कि ग्लोबल वार्मिंग के कारण महासागरों के तापमान में बढ़ोत्तरी हुई है। शोध में बताया गया है कि वैसे तो जलवायु परिवर्तन के कारण पूरे ग्रह का तापमान बढ़ा है, लेकिन इसका महासागरों पर अलग तरह से असर हुआ है। बताया जाता है कि महासागरों में तापमान इसलिए भी बढ़ता है कि, क्योंकि सतह के नीचे का तापमान जो कि ठंडा और ऑक्सीजन से भरपूर है, उसके ऊपर के पानी से मिलने की दर धीमी हो गई है।

बता दें कि ग्लोबल वार्मिंग का असर आर्कटिक इलाके में साफ दिख रहा है। यहां ग्लोबल वार्मिंग का इतना असर है कि बर्फ की चट्टानें पिघलती जा रही हैं और यहां के तापमान में भी बढ़ोतरी हो रही है। पहले जहां इस हिमालयी क्षेत्र में काफी ठंडक होती थी वहीं अब बारिश और बर्फ से खुला इलाका अधिक हो गया है। वैज्ञानिकों का कहना है कि ग्लोबल वार्मिंग का सबसे अधिक असर यहां दिख रहा है जो काफी खतरनाक है।

## किम जोंग उन ने डोनाल्ड ट्रंप के लिए भेजा संदेश

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** प्योंगयांग। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के कोरोना पॉजिटिव होने की खबर मिलने पर उनके श्दोस्तश किम जोंग उन परेशान हो गए हैं। उत्तर कोरिया के तानाशाह किम जोंग ने ट्रंप और फर्स्ट लेडी मेलानिया के कोरोना इन्फेक्शन से जल्द ठीक होने की कामना की है। ट्रंप को वाइट हाउस से मिलिट्री अस्पताल ले जाया गया है और वह अब वहीं से काम करेंगे।

किम जोंग उन ने अमेरिका के राष्ट्रपति के जल्द ठीक होने की कामना की है। KCNA के मुताबिक किम जोंग उन ने डोनाल्ड ट्रंप को मेसेज भेजा है। मेसेज में उन्होंने कहा है कि उन्हें राष्ट्रपति और फर्स्ट लेडी के कोरोना पॉजिटिव होने के बारे में पता चला। उन्होंने दोनों के साथ सांत्वना जताई है। उन्होंने उम्मीद जताई है कि दोनों जल्द से जल्द ठीक हो जाएं।

इससे पहले ट्रंप भी किम जोंग के बीमार होने पर उनके लिए संदेश भेज चुके हैं। कुछ वक्त पहले जब किम के कोमा में होने की खबरें आई थीं, तो ट्रंप ने कहा था कि उन्हें कोई कम न समझे। बता दें कि ट्रंप की सलाहकार होप हिक्स कोरोना पॉजिटिव पाई गई थीं जिसके बाद ट्रंप और मेलानिया का कोरोना टेस्ट हुआ था। इससे पहले प्रेसिडेंशनल डिबेट के दौरान ट्रंप ने बाइडेन का मास्क पहनने के लिए मजाक उड़ाया था।



अजरबैजान–आर्मीनिया में जंगः तस्वीरों में बयान मासूम जिंदगियों का दर्द

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** आर्मीनिया। अजरबैजान और आर्मीनिया के बीच नागोर्नो–काराबाख में जंग जारी है। इस जंग में अजरबैजान सेना के 3 हजार से ज्यादा सैनिक जान गंवा चुके हैं। रिपोर्ट्स के दावा है कि गोलीबारी की चपेट में नागरिक भी आए हैं। यहां हालात इतने खराब हैं कि काराबाख के पास गांवों को खाली कराया जा रहा है। हालांकि, नोगोर्नो–काराबाख की राजधानी स्टेपनकर्ट को खाली नहीं कराया गया है। जिन जगहों पर लोग अभी भी वहां फंसे हैं वे घरों के नीचे बने तहखानों में छिपकर गोलीबारी से अपनी जान बचा रहे हैं। इस बारे में खुद को रिपब्लिक घोषित करने वाले आर्तसाख के राष्ट्रपति के प्रेस सचिव ने फेसबुक पर जानकारी दी है। वहीं, संयुक्त राष्ट्र ने हालात पर चिंता जताते हुए संघर्ष को खत्म करने की अपील की थी।

## राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन विरोधी पत्रकार ने आग लगाकर जान दी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

मॉस्को। रूस में राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की सरकार का विरोध आक्रामक होता जा रहा है। यहां न्यूज एडिटर इरीना स्लावीना ने मंत्रालय के एक ऑफिस के सामने खुद को आग लगाकर जान दे दी। इससे पहले इरीना ने फेसबुक पर लिखा था, श्मेरी मौत के लिए रूसी फेडरेशन को जिम्मेदार मानें।श प्रशासन उन्होंने गुरुवार को कहा था कि पुलिस ने लोकतंत्र समर्थक ग्रुप व्मद त्नेपं से जुड़े सामान के लिए उनके फ्लैट की तलाशी ली थी और उनके कंप्यूटर और डेटा को जब्त कर लिया गया था।

**मंत्रालय के सामने लगाई आग**

**न्यूज एडिटर इरीना स्लावीना पर लगा था जुर्माना**

घटना का वीडियो भी सामने आया है जिसमें दिख रहा है कि एक व्यक्ति उन्हें बचाने की कोशिश करता है लेकिन वह उसे धक्का दे देती थीं। इसके बाद वह खुद गिर जाती हैं। इरीना के परिवार में पति और बेटी रह गए हैं। रूस की इन्वेस्टिगेटिव कमिटी ने उनकी मौत की पुष्टि की है लेकिन फ्लैट की तलाशी से संबंध की बात से इनकार किया है।

**गवाह थीं इरीना, आरोपी नहीं**

इरीना Koza Press न्यूज वेबसाइट की एडिटर–इन–चीफ थीं। निझनी नोवगोरोड इलाके में जिन सात लोगों के घरों की तलाशी ली गई थी, इरीना उनमें से एक थीं। उनकी मौत के बाद उनकी वेबसाइट बंद हो गई है। उन्होंने फेसबुक पर पोस्ट कर बताया था कि 12 लोग उनके फ्लैट में जबरन दाखिल हो गए थे और फ्लैश ड्राइव, उनका लैपटॉप, उनकी बेटी का लैपटॉप और फोन लेकर चले गए। वहीं, इन्वेस्टिगेटिव कमिटी का कहना है उनके केस में इरीना सिर्फ गवाह थीं, संदिग्ध या आरोपी नहीं। यह केस एक स्थानीय बिजनसमैन से जुड़ा था। इस शख्स पर आरोप था कि वह अपनी फर्जी चर्च को इलेक्शन मॉनिटर ट्रेनिंग और दूसरे फोरम के लिए इस्तेमाल करता था। जानकारी के मुताबिक व्मद त्नेपं ने 'Free People' फोरम में पिछले साल अप्रैल में हिस्सा लिया था जिसमें इरीना पत्रकार के तौर पर शामिल हुई थीं।

## बढ़ते इस्लामिक अलगाववाद से इम्मैन्युअल मैक्रों सरकार को चिंता

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** पेरिस। फ्रांस के राष्ट्रपति इम्मैन्युअल मैक्रों ने शुक्रवार को इस्लामिक अलगाववाद से लड़ने का संघर्ष किया। मैक्रों ने इसे फ्रांस में मुस्लिम समुदायों में इसके फैलना का इससे खतरा बताया। मैक्रों का कहना है कि एक बिल अगले साल की शुरुआत में संसद में भेजा जाएगा जिसमें इस्लामिक अलगाववाद से निपटने का प्रावधान होगा। फ्रांस ने कई साल से इस्लामिक उग्रवाद का सामना किया है लेकिन मैक्रों सरकार मुस्लिम समुदायों में बढ़ते कट्टरवाद को लेकर चिंतित है। फ्रांस के अधिकारियों का कहना है कि आमतौर पर यह अहिंसक होता है। उन्होंने मुस्लिम पुरुषों के महिलाओं से हाथ मिलाने पर इनकार करने, महिलाओं और पुरुषों के लिए अलग समय पर खुलने वाले स्विमिंग पूल, चार साल की उम्र की बच्चियों तक को चेहरा ढकने और मदरसों के विस्तार का उदाहरण दिया है। नए कानून के तहत होम–स्कूलिंग पर कड़े प्रतिबंध लगेंगे ताकि ऐसे स्कूलों में बच्चों का दाखिल न किया जाए जो नैशनल करिकुलम से अलग हो। मैक्रों ने कहा कि हमें इस्लामिक अलगाववाद से लड़ने की जरूरत है।